## ढीमरखेड़ा जनपद क्षेत्र की कई पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर लीपापोती

# गुणवत्ताहीन एवं अधूरे पड़े कार्यों को कागजों में पूर्ण दिखाकर लाखों की राशि कर ली आहरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जमीनी स्तर पर विकास कार्य भले ही दिखाई न देते हो लेकिन कागजों आंकड़ों में कार्यों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाना दर्शाकर सरकारी राशि का बंदरबाट कर लिया जाता है। किसी भी प्रकार के सरकारी निर्माण कार्य जो जनहित से जुड़ा हो उनकी गुणवत्ता परखने का जिम्मा अधिकारियों का होता है लेकिन बंदरबाट के खेल में नीचे से लेकर ऊपर तक ऐसी जुगत बनाई जाती है कि लाखों रूपए के वारे न्यारे हो जाते हैं। ढीमरखेड़ा जनपद अंतर्गत कई पंचायतों में गली प्लग सह ड्रेनेज ट्रीटमेंट कार्य में लीपापोती कर लाखों की राशि में सेंधमारी कर ली गई। नाला तट सुंदरीकरण, गली प्लग, चैक डैम, खेत तालाब और मनरेगा जैसे कार्यों में भारी अनियमितताएँ सामने आ रही हैं। कई स्थलों पर तो कार्य शुरू तक नहीं हुआ, लेकिन कागजों में लाखों रुपये का खर्च दिखाया गया है।

ग्राम पंचायत पाली में गली प्लग सह ड्रेनेज ट्रीटमेंट (भागचंद मेहरा के खेत से शिवरतन के खेत तक) – 1,08,780 रुपये, गली प्लग सह ड्रेनेज ट्रीटमेंट (सुग्रीव मेहरा के खेत से असुनी राम के खेत तक) – 93,450 रुपये, पुलिया निर्माण – 1,05,000 रुपये व्यय किये गये। इन कार्यो में जिन पत्थरों का उपयोग किया गया अब वे चर्चा का विषय बन गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन स्थानों पर न तो पत्थर दिखते हैं और न ही निर्माण कार्य का कोई स्पष्ट प्रमाण मिला है। पत्थर आपूर्ति के नाम पर बिल लगाकर राशि आहरित कर ली गई। वेंडरों के पास वास्तविक रूप से पत्थर मौजूद ही नहीं थे।



ग्राम पंचायत पाली में कराये गए कार्यो के लिए 19 लाख 28 हज़ार के बिल लगाए गए हैं। कार्य किस तरह से कराया गया है इसकी हकीकत तस्वीरें स्वयं बयां कर रही है। इसके अलावा झारापानी, सिहती, कुढ़ना और कारापानी समेत कई गांवों में नाला तट सुंदरीकरण के नाम पर लाखों रुपये स्वीकृत किए गए। बिल्हा नाला तट सुंदरीकरण (भाग 2), ग्राम झारापानी सिहती–कुढ़ना नाला तट सुंदरीकरण 1,64,899.50 रुपये, दतला नाला सुंदरीकरण 49,299 रुपये, लाल नाला तट सुंदरीकरण, ग्राम मारसिंहुडी – 1,65,750 रुपये, कूदना नाला तट सुंदरीकरण, ग्राम कारापानी (पार्ट 1) – 1,16,449.50 रुपये, ग्राम पंचायत पाली में 19 लाख 28 हज़ार के बिल लगाए गए हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अधिकांश स्थानों पर कार्य अपूर्ण हैं या हुए ही नहीं, फिर भी बिल पास कर भुगतान कर दिया गया। उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर सराकारी राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। आधे अधूरे या गुणवत्ताहीन कार्य कराकर कागजी आंकड़ों की कलाबाजी कर लाखों की राशि आहरित कर ली जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि नाला तट सुंदरीकरण हो या गली प्लग सह ड्रेनेज ट्रीटमेंट कार्य, इनमें जिन पत्थरों का उपयोग किया गया है वे पत्थर पहाड़ियों से इकट्ठा करके लगाए गए हैं और फर्जी तरीके से वेंडरों के बिल लगाकर राशि को आहरित किया गया है। ग्रामीणों द्वारा मांग की गई है कि इन कार्यों की निष्पक्षता से जांच कराई जाए तो सारी कारगुजारी सामने आ सकती है।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों के नाम पर लाखों करोड़ों का हेर फेर किया गया है। विभिन्न पंचायतों में लगभग 5 करोड़ रुपये का भुगतान पत्थर आपूर्ति के नाम पर किया गया, जबकि अधिकांश वेंडरों के पास न तो पत्थर मौजूद हैं और न ही उनके पास किसी प्रकार का स्टॉक या परिवहन का प्रमाण। बताया जाता है कि 45 % जनपद स्तर के अधिकारी और कर्मचारी, पंचायत स्तर के 45% सचिव और सरपंच एवं अन्य कर्मचारी, 10% वेंडर में राशि का भुगतान किया गया।



## विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र किये प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ऑर्डनेंस फ़ैक्ट्री स्टेडियम में ज़िला स्तरीय अस्मिता गर्ल्स एथलेटिक्स लीग 2025 का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता विशेष रूप से बालिकाओं के लिए under-14 और under-16 आयु वर्ग में आयोजित की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से बेटियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, साहस, शारीरिक फिटनेस और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करना है, साथ ही युवा प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें आगे प्रशिक्षण एवं खेल के अवसर प्रदान करना था। अस्मिता लीग, जिसे एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया, खेल विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया के तहत भारत के 300 जिलों में आयोजित किया जा रहा है ।प्रतियोगिता का आयोजन AFI, SAI एवं भारत सरकार के खेल मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट तरीके से किया गया। सभी विजेता बालिकाओं को मुख्य अतिथि सुश्री एनेट एफ. बिस्वास द्वारा मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह क्षण खिलाड़ियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

एनेट विश्वास ने कहा बेटियाँ खेल के हर मैदान में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और सफलता की नई ऊँचाइयाँ हासिल करें। AFI, SAI, भारत सरकार और कटनी जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त प्रयासों से बेटियों को वह अवसर और मंच प्रदान हो रहा है, जिसके वे योग्य हैं। आज कटनी की बेटियाँ केवल खेल नहीं रही हैं — वे अपने सपनों को आकार रूप दे रही हैं, सीमाएँ तोड़ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### सीएम राइज स्कूल में गीता महोत्सव का आयोजन आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर सोमवार 1 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सीएम राईज (मॉडल स्कूल), झिंझरी में जिला स्तोरीय भव्यि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्स व आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सीएम राईज (मॉडल स्कूल) झिंझरी, बार्डसले हा.स.सि. इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूल, सेंटपाल स्कूल, सरस्वती स्कूल, नालंदा स्कूल, डी.ए.व्ही. स्कूल कुठला, उत्कृष्ट हा.स. स्कूल माधवनगर और सेक्रट हार्ट स्कूल कुठला के कक्षा 7 से 12वीं तक के छात्र-छात्रा भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु छात्र-छात्राओं के बैठने, पेयजल, माईक-साउण्ड, बैनर आदि समस्त व्यवस्थाओं का सम्पूर्ण दायित्व प्राचार्य, सी.एम. राईज (मॉडल स्कूल) झिंझरी कटनी को सौंपा गया है। साथ ही उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड थाना कोतवाली, हाल निवासी प्रेमनगर निवासी एन्थोषनी गोस्वामी उर्फ एन्थोवनी मद्रासी पिता रवि गोस्वा-मी उम्र 22 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 5 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। एन्थोयनी के विरूद्ध वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक थाना कोतवाली में 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन से गाली गलौज करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, चाकूबाजी करना, शराब पीने हेतु पैसे की मांग करना, अवैध वसूली करना, अवैध रूप से शस्त्रर कब्जेर में रखनाजैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा एन्थोनी के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्येवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी एन्थोषनी गोस्वोमी को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वा सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्वव सीमाओं से 5 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

### विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक 9 दिसंबर को होगी

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार,9 दिसंबर को अपरान्ह 2:30 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में मनरेगा,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त,मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विधि शाखा एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, संभाग कटनी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी सहायक यंत्री,उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

*जिला मुख्यालय से लेकर विकासखंड स्तर तक समारोह पूर्वक आज मनाई जाएगी गीता जयंती*

## श्रीकृष्ण मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर आज 1 दिसंबर को जिला मुख्यालय और विकासखंड स्तर पर धूमधाम से समारोह पूर्वक गीता जयंती का आयोजन किया जाएगा। समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को संस्कृति विभाग मंत्रालय एवं जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं संपूर्ण कार्रवाई हेतु ग्रामीण क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सुश्री कौर ने गीता जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में सभी शासकीय एवं अशासकीय श्री कृष्ण मंदिरों, न्यास, गोपालक संस्थाएं एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा श्री कृष्ण मंदिरों की साफ सफाई श्रृंगार एवं रोशनी किए जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संतो, विद्तजनों द्वारा गीता के महत्व एवं व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर केंद्रित व्याख्यान आयोजित किए जाएं।

अंतर्राराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में गीता प्रेमियों द्वारा श्रीमद्भगवद गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ जिला मुख्यालय पर 1100-1100 एवं विकास खंड स्तर पर 500- 500 गीता पाठियों के कार्यक्रम विश्व गीता प्रतिष्ठानम एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने आयोजित गतिविधियों में प्रभारी मंत्री, मंत्री एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए बच्चों, युवाओं तथा स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों को जोड़ा जाकर आधिकारिक जन भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए हैं।

सीईओ सुश्री कौर ने बताया कि विक्रम महोत्सव 2026 का आयोजन आगामी महाशिवरात्रि पर्व (15 फरवरी 2026 से 19 मार्च 2026) से आरंभ होगा। जिसके शुभारंभ पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों की प्रस्तुति, विक्रम महोत्सव अंतर्गत विविध प्रदर्शनियां एवं अन्य प्रकार के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने शिवरात्रि मेलों को भव्य स्तर पर संयोजित कर स्थानीय कलाकारों को जोड़ते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रदर्शनियां आयोजित किए जाने के निर्देश किए दिए हैं।

## 30 लाख के विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन



बड़वारा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विलायत कला मंडल के ग्राम पंचायत पंसोखर में रविवार को लाखों रूपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। 20 लाख का सामुदायिक भवन एवं 10 लाख की लागत का प्रशिक्षण भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की गरिमामई उपस्थित रही साथ ही विलायत कलां के मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, संगठन के कोषाध्यक्ष अनिल दुबे , कार्यालय मंत्री भूपेश कांत मिश्रा, वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव प्रसाद शर्मा, परसेल सरपंच दिनेश पांडे , मंडल महा मंत्री सुरेश कुशवाहा , महेश कुशवाहा ,रवि साहू ,बूथ अध्यक्ष अजय तिवारी ,पनसोखर ग्राम पंचायत सरपंच अरविंद साहू एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## विपरीत परिस्थितियों के बावजूद समूह से जुड़कर सावित्री बाई बनीं सफल उद्यमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम भमका की निवासी सावित्री बाई अपने पति की दिव्यांगता और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद स्व-सहायता समूह से जुड़कर एक साथ चार सफल उद्यम संचालित कर रहीं हैं और गांव की अन्य महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की एक मिसाल बन गई हैं।

वर्ष 2019 में चमेली स्व-सहायता समूह में शामिल होने के बाद सावित्री बाई के जीवन में बड़ा बदलाव आया। समूह से प्राप्त मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग ने उन्हें उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने का साहस दिया। उन्होंने समूह से कुल 3 लाख 50 हजार का ऋण प्राप्त किया। इस ऋण से सावित्री बाई ने जनरल स्टोर की का संचालन शुरू किया और गांव में रोजमर्रा की जरूरतों का सामान बेचकर अपनी आय का पहला स्थायी स्त्रोत स्थापित किया। सावित्री घर पर दो भैंसों के साथ एक छोटी गौशाला संचालित करती हैं, जिससे दूध उत्पादन के माध्यम से नियमित आय होती है। साथ ही उन्होंने एक वैन खरीदी, जिसकी मदद से सावित्री के पति इंद्रपाल सिंह कपड़े ले जाकर पास के बाजारों और हाटों में बेचते हैं।

इसके अलावा इंद्रपाल सिंह गांव में पशु मित्र के रूप में भी कार्य करते हैं। पशुओं का टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान और प्राथमिक उपचार जैसी सेवाएं प्रदान कर अतिरिक्त आय अर्जित करते हैं।

इन सभी गतिविधियों से सावित्री बाई की वर्तमान मासिक आय लगभग 18 हजार तक पहुँच गई है। इस आय से वह अपने 5 सदस्यों के परिवार का पालन-पोषण, बच्चों की शिक्षा और अपने व्यवसाय को विस्तार देने का कार्य कर रही हैं, साथ ही समूह का ऋण भी समय पर चुका रही हैं। सावित्री बाई कहती हैं कि ₹कठिन हालातों में भी हार मानने के बजाय मैंने संघर्ष का रास्ता चुना। स्व-सहायता समूह से मिले सहयोग और अपने आत्मविश्वास व मेहनत के बल पर आज मैं एक सफल महिला उद्यमी बन चुकी हूँ। मैंने अब तक 1 लाख 50 हजार की राशि सफलतापूर्वक ब्याज सहित चुका दी है।

*मैरिज गार्डनों में नियमों को दरकिनार कर हो रहे आयोजन*

## सड़क में बारातों से आवागमन हो रहा बाधित, कनफोड़ू डीजे कर रहे हलाकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद के मुख्य तिराहा सहित अन्य मार्गो पर रात्रि के समय चलना मुश्किल हो गया है। सडक़ किनारे पसरे दुकानदारों के अतिक्रमण, जगह-जगह लग रहे हाट बाजारों की परेशानियों से जहां दिन भर जाम लगता है तो वहीं रात के वक्त बिना पार्किंग के विवाह घरों के कारण पूरा सड़क मार्ग जाम हो जाता है। विवाह घरों में पार्किंग न होने के कारण जहां वाहन सड़क के किनारे खड़े कर दिए जाते हैं तो वहीं सडक़ पर बेफिक्र होकर नाचती बारातें भी घंटों तक मार्ग को जाम रखती हैं। इतनी ही नहीं कानफोड़ू डीजे रात 10 बजे के बाद भी धडल्ले से बजाए जा रहे हैं।जिससे रहवासियों का सोना भी रात्रि मे मुश्किल हो रहा लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कोई कारवाई नही की जा रही है।



### मैरिज गार्डनों में नियमों का नहीं हो रहा पालन

स्लीमनाबाद मैं हर वर्ष विवाह घरों की संख्या बढ़ती जा रही है और मुख्य सडक़ों के साथ ही गलियों में भी विवाह घर व गार्डन संचालित हो रहे हैं। जहां पर न तो वाहनों को खडा करने के लिए पार्किंग है और न ही कचरा आदि का प्रबंधन किया जा रहा है।स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय में नियम विरूद्ध मैरिज गार्डन संचालित किए जा रहे हैं। सभी मनमाने तरीके से संचालित विवाह घरों पर प्रशासन की कार्रवाई मात्र नोटिस थमाने तक ही सीमित है। जिसका फायदा उठाकर विवाह घरों के संचालक नियमो का पालन किए बिना मोटी कमाई करने में जुटे हैं क्योंकि स्लीमनाबाद व बहोरीबंद तहसील मुख्यालय में आधा दर्जन मैरिज गार्डन संचालित है जो किसी भी मानकों को पूरा नहीं कर रहे है। वहीं अधिकारियों द्वारा इन पर कोई ठोस कार्रवाई भी नहीं हो सकी।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि बहोरीबंद विकासखंड में संचालित मैरिज गार्डनों का निरीक्षण कर जांच की जाएगी।जिन भी मैरिज गार्डनो नियमो की अनदेखी मिलेगी उनके खिलाफ कारवाई प्रस्तावित की जायेगी।

## बाल संरक्षण पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

# तेजी से बढ़ रहे बाल अपराध, इसे रोकने सभी को जागरूकता व सक्रियता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बाल संरक्षण आज की बड़ी चुनौती है, इससे जूझने के लिए जरूरी है कि हम सजग हों और अपने आसपास को समझें। शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान होने से नहीं आती बल्कि अपने समाज को गहरे से समझना और फिर वापस समाज को देना भी इसका अनिवार्य अंग है। नेतृत्व सपने देखने और दिखाने के अवसर देता है।हम भीड़ में एक चेहरा बन सकें इस बात का सुअवसर रासेयो आपको प्रदान करता है।बच्चों से जुड़े क़ानून को समझना आज बहुत जरुरी है।बाल संरक्षण जैसी बड़ी चुनौती के लिये युवाओं को आगे आना होगा।यह बात कटनी जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बाजपेई ने आवाज और यूनिसेफ द्वारा रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा जी के मार्गदर्शन में कटनी जिले के रासेयो स्वयंसेवकों के बाल संरक्षण विषय पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये।



इस मौके पर संस्था के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जी. एम. मुस्तफा ने कहा कि यदि इस तरह से हम समाज के बच्चों को लेकर जागरूक हो जायेंगे तो फिर वह दिन दूर नहीं जबकि हर बच्चा सुरक्षित और संरक्षित महसूस करे।

इस कार्यशाला में भोपाल की संस्था आवाज के निदेशक और मुख्य प्रशिक्षक प्रशांत दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश बच्चों से जुड़े मामलों में ज्यादा संवेदनशील है।उन्होंने कहा कि बच्चों पर होने वाले अपराध में मध्यप्रदेश दूसरे पायदान पर है। जबकि बच्चों द्वारा किये जाने वाले अपराधों में मध्यप्रदेश पहले पायदान पर है।मध्यप्रदेश से रोजाना 32 बच्चे गायब होते हैं, जिनमें से 24 लडकियां हैं और 9 बच्चे फिर कभी वापस नहीं मिलते हैं।उन्होंने यह भी बताया कि किस तरह से ट्रेफिकर्स गिरोह सक्रिय होकर बच्चों को गायब कर देते हैं।बच्चों के लैंगिक शोषण के मामले भी बहुत ज्यादा हैं। देश में हर दूसरा बच्चा लैंगिक शोषण का शिकार है। मध्यप्रदेश बाल विवाह को लेकर उन 5 राज्यों में शामिल है जहां कि बाल विवाह बहुत हैं। श्री दुबे ने इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को बाल अधिकार और लैंगिक हिंसा से बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव की भी विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में आवाज के समन्वयक रुपेश वर्मा ने कहा कि भारत में 53 फीसदी बच्चों के साथ लैंगिक शोषण की घटनाएं घटित होती हैं।इनमें से भी लड़कों के साथ लैंगिक शोषण ज्यादा है।इस स्थिति से निबटने के लिए भारत देश में अब पाक्सो कानून है। वहींतीसरे सत्र में उन्होंने जिले में मौजूद व्यवस्थाओं (सभी तरह के गृहों) और बाल कल्याण समिति तथा जेजे एक्ट के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बाल संरक्षण क्लब तथा आग़ाज़ इंटर्नशिप के बारे में भी जानकारी दी।

### महिलाओं के लिए रोजगार मेला 3 को, पंजीयन के लिए आज अंतिम दिन

**:कटनी।** म.प्र.शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में 3 दिसंबर को केवल महिला आवेदिकाओं के लिए निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले के द्वारा टाटा इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी कृष्णागिरी तमिलनाडु कम्पनी द्वारा टेक्नीकल ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मोबाईल एसेम्बलर, एसेमबिल आपरेटर पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि 18 से 30 साल की आयु सीमा की 10वीं पास, 12 वी आईटीआई (किसी भी ट्रेड से) डिप्लोमा, स्नातक स्नातकोत्तर उत्तीर्ण महिलायें जिन्हें इंगलिश पढ़ना एवं लिखना आता हो आवेदन के लिये पात्र है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### दो बाइकों की टक्कर में बीएलओ घायल

**कटनी।** रविवार को कटनी नदी पुल के पास एक सड़क हादसे में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर में स्लीमनाबाद के बीएलओ अशोक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल स्लीमनाबाद अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और दुर्घटना के कारणों की जाँच शुरू कर दी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुँचा। फिलहाल घायल अशोक सिंह की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### देशी कट्टा एवं कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राखी पांडेय टीम के साथ दुबे कॉलोनी के पास गश्त कर रही थीं, तभी एक संदिग्ध युवक पुलिस वाहन को देखकर नदी की ओर भागने लगा। पुलिस दल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अमित दाहिया 40 निवासी बैलट घाट बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ, जिसके लिए वह कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 994/2025, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी पर पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में एसआई कुलदीप सिंह, प्र.आर. वीरेंद्र तिवारी की भूमिका रही।

### अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी एसआईआर प्रक्रिया

**कटनी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए नवीन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

### आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु कर्मचारियों को सौंपे दायित्व

**कटनी।** गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीएम.राईज मॉडल स्कूल झिंझरी मे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिक निगम कटनी के माध्यम से की जानें आवश्यक कार्यवाही हेतु उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता ने निगम के विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे जाकर समस्त व्यवस्थाएं तय समय पर पूर्ण करानें के निर्देश दिए है। उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यक्रम स्थल पर बच्चों की बैठक व्यवस्था का दायित्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे को सौपा जाकर उनके साथ विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम को संलग्न किया गया है।

---

**उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने निर्देश, गड़बड़ियों पर नजर रखेगी संयुक्त टीम**

# जिले के 84 खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी आज से, दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों पर कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्यम पर पंजीकृत कृषकों से जिले में 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक धान का उपार्जन किया जायेगा। कलेक्ट र आशीष तिवारी ने धान उपार्जन हेतु वर्तमान में 84उपार्जन केंद्र निर्धारित किये है और इनके पर्यवेक्षण एवं सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्ती कर दिया है। जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर 5 और खरीदी केंद्र बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है,जिनका संचालन स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सर्वेयरों, उपार्जन केन्द्र प्रभारियों, समिति प्रबंधकों और आपरेटर्स के प्रशिक्षण के दौरान ही खरीदी केन्द्रों में आपसी समन्वय से किसानों के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर श्री तिवारी ने समिति प्रबंधकों को दो टूक हिदायत दी है कि किसानों की मेहनत से उगाई गईउनकी उपज का दाना-दाना ख़रीदा जायेगा। लेकिन बाहरी धान की आवक विशेष कर दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों पर पैनी नजर रखी जाए। इनकी निगरानी के लिए राजस्व, खाद्य और कृषि उपज मंडी की संयुक्त टीम सक्रिय हैं।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताधह में सोमवार से शुक्रवार तक 5 दिवस प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सायं 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेंगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी।

उपार्जन केन्द्र पर फेयर एवरेज क्वालिटी उपज ही खरीदने संबंधी बैनर का प्रदर्शन अनिवार्यतः करने और गुणवत्ता सर्वेयर एप में सर्वेयर व प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर को पंजीकृत करना आवश्यक है।नान एफएक्यू धान को रिजेक्ट कर कृषक को अपग्रेड करने हेतु समझाइश दिया जाना तथा अमान्य उत्पाद का सेम्पल रखना अनिवार्य है।ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषक द्वारा अपनी उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग http://mpeupar-jan.nic.in पर की जा सकेगी। कृषक के स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस छोड़कर की जा सकेगी।धान की भरती 40 किलो बारदाना वजन के मानक में की जाएगी। इससे अधिक मात्रा की तौल बोरे में नहीं की जाएगी। खाद्यान्न की भरती 580 ग्राम स्टेण्डर्ड वजन के नवीन जूट बोरों में एवं 500 ग्राम पुराने जूट बोरों में मानक भरती की जाएगी।

उपार्जन केन्द्र द्वारा प्रत्येक बोरे पर नीले रंग से निर्धारित प्रारूप में 18X18 इंच की स्टेंसिल (छापा) लगाई जाएगी, यह छापा नवीन जूट के बारदाने, एक भरती जूट के बारदाने जो भी धान भरती के उपयोग में लाये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा अनुमत्य किए जाएंगे, उन पर लगाना अनिवार्य होगा।

बारदानों की प्राथमिकता के आधार पर विद्युत चलित मशीन से नीला रंग के धागे से डबल सिलाई की जाएगी।कृषक व नॉमिनी द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु लाई गई उपज की केन्द्र पर सर्वप्रथम कृषक तौल पर्ची जारी की जायेगी।ई-उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन केन्द्र के लॉगिन से खरीदी की प्रविष्टि के समय विक्रेता कृषक,नॉमिनी एवं उपार्जन केन्द्र के प्रभारी के आधार ई-केवाईसी सत्यापन के उपरांत ही स्कंध की खरीदी की मात्रा की प्रविष्टि एवं खरीदी देयक जारी होगा एवं इसके उपरांत ही कृषक से उपज की खरीदी मान्य होगी।उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एवं फोटोग्राफ्स भारत सरकार के पोर्टल PCSAP.IN पर अपलोड करना होगा।

कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों पर उपस्थित रहकर उपार्जन कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कराने, धान विक्रय करने में कृषकों को होने वाली असुविधा का निराकरण कराने का दायित्व सौंपा है। नियोजित अधिकारी प्रतिदिन की प्रगति से खाद्य शाखा को अवगत करायेंगे।

---



# नगर को स्वच्छ बनाये रखने हेतु चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में सफाई व्यवस्था को नियमित और प्रभावी बनाए रखने के लिए स्वच्छता दूतों ने कड़ाके की ठंड के बावजूद अपने कार्यों को व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया। तापमान में आई गिरावट और सुबह के समय घने कोहरे के बाद भी सफाई टीमें निर्धारित समय पर अपने-अपने वार्डों में पहुंचकर दैनिक सफाई कार्यों को अंजाम दे रही है। नगर के मुख्य मार्गों की सुंदरता और सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर मार्गों एवं डिवाइडर की सफाई कर संग्रहित कचरे का उठाव कार्य किया गया।

### कराई सुगम जल निकासी

स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न वार्डों में नाले एवं नालियों की व्यापक सफाई कराई गई। इस दौरान बरगवां बी एस एन एल कार्यालय के पीछे स्थित बस्ती की नालियों की सफाई सहित कृष्णा मंदिर के पीछे द्वारका सिटी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 21 मुख्य मार्ग, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, रवि कुम्हार के घर के पास सहित अन्य स्थलों, वार्ड क्रमांक 11 राधा भवन के पास, नई बस्ती के विभिन्न स्थलों सहित अन्य वार्डों के विभिन्न स्थलों की नाली एवं अवरुद्ध नालों को खोलने तथा गाद एवं कचरे को निकालकर पानी का बहाव सुचारू किया गया।

नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों एवं नालियों में कचरा न डाले, कचरा वाहन अथवा निर्धारित स्थल पर ही कचरा डालकर नगर की स्वच्छता बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें। इस कार्रवाई से जलभराव की समस्या में कमी आएगी और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद वातावरण सुनिश्चित होगा।

---

**वारदात में शामिल अपचारी बालक अभी भी चल रहा फरार**

# स्टेशन के समीप चाकूबाजी की घटना में आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली थाना अंतर्गत मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर 28 नवंबर को रेलवे ठेका कर्मचारी पर चाकू से हमला किये जाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी नितिन उर्फ करिया नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल एक अपचारी (नाबालिग) अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितिन उर्फ करिया का आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ पहले भी मारपीट, अवैध गतिविधियों और अन्य गंभीर धाराओं के तहत कई मामले दर्ज किए गए हैं।

थाना प्रभारी राखी पांडे के अनुसार, घटना 28 नवंबर की रात को हुई थी। रेलवे ठेकेदार के कर्मचारी शशांक शुक्ला स्टेशन गेट के बाहर खड़े थे, तभी दो युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमला करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

गंभीर रूप से घायल शशांक शुक्ला को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके बयान दर्ज किए गए। शशांक के बयान के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कीं।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसी क्रम में, रविवार को बैलटघाट क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी नितिन उर्फ करिया को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मामले में शामिल एक अपचारी आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तारी के बाद, आरोपी नितिन उर्फ करिया को कटनी न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

---

**लापता मैकेनिक की महानदी किनारे मिली बाइक, रेस्क्यू जारी**



ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में दो दिन से लापता मैकेनिक मनोज साहू की बाइक रविवार सुबह महानदी के किनारे लावारिस हालत में मिली। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। बाइक मिलने की जानकारी फैलते ही ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने चार जिलों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि महानदी क्षेत्र में अक्सर अप्रिय घटनाएं होती हैं, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाता। इसके बाद ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे मौके पर पहुंचे और परिजनों को आश्वासन दिया कि मनोज साहू की तलाश जारी है। इसके बाद SDRF टीम ने शाम 4 बजे से महानदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना विरोध समाप्त किया। इसके बाद लगभग एक घंटे से बाधित यातायात फिर से सुचारू रूप से चलने लगा।

---

# एसडीओपी ने बच्चों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार मुस्कान विशेष अभियानजिसका मुख्य उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी सुनिश्चित करना तथा स्कूलों मै छात्र -छात्राओं को महिला सुरक्षा, बाल विवाह, पास्को एक्ट, सायबर अपराध एवं सामाजिक दुष्प्रवृत्तियों से बचाव हेतु जागरूक करना हैं!इसी क्रम अभियान के तहत शनिवार को बहोरीबंद के महावीर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास मै जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच – बैड टच की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया।बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी।एसडीओपी ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें।यदि रास्ते मे,बाजार मे वाहन मैं कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाये, आसपास के लोगो को बताये।घटना को दबाए नही ताकि समय रहते उनके नापाक हौसलों को पस्त किया जा सके।इस दौरान प्राचार्य महेन्द्र राय, वार्डन प्रीति चतुर्वेदी सहित स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

**बहोरीबंद विकासखंड में 26 केन्द्रों में आज से होगा उपार्जन कार्य**

# एसडीएम ने उपार्जन केंद्र प्रभारियों एवं प्रबंधकों की बैठक में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 1 दिसंबर यानि आज से शुरू होगा ।धान खरीदी की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। बहोरीबंद विकासखंड मै धान खरीदी कार्य को लेकर जनपद सभागार बहोरीबंद मै एसडीएम ने केंद्र प्रभारियों की बैठक ली व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए!खरीदी केंद्रों मै बिचौलियों के आने को लेकर पहले से ही प्रशासनिक कसावट शुरू कर दी गई है।बैठक मे एसडीएम ने दो टूक लहजे मैं केंद्र प्रभारियो को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों मैं केवल पंजीकृत किसानो की ही उपज खरीदी करें, बिचौलियों को केंद्रों मैं सक्रिय न होने दे।यदि बिचौलियों के सक्रिय होने की जानकारी मिली तो संबंधित केंद्र प्रभारी पर कारवाई प्रस्तावित की जाएगी। वास्तविक किसानों से ही धान क्रय करे वा उनसे आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करे। इसके साथ ही एफएक्यू स्कंध का क्रय करने, दैनिक आवक की जानकारी देने ,वाहन के वितरण, तथा दैनिक रूप से लगने वाले ट्रक की जानकारी एवं परिवहन में आने वाली समस्याओं के बारे में बताने हेतु निर्देशित किया ।

मौसम के बदलाव को देखते हुए बारिश से बचाव करने हेतु केंद्रों मैं तिरपाल आदि की व्यवस्था तथा पर्याप्त श्रमिक रखने हेतु कहा गया।

सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बहोरीबंद विकासखण्ड में 26 खरीदी केन्द्रों का निर्धारण किया गया है।बहोरीबंद विकासखण्ड मैं स्लीमनाबाद व बहोरीबंद दो तहसील है।जिसमे समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 26 खरीदी केंद्र है बनाये गए है।स्लीमनाबाद तहसील मैं तेवरी, स्लीमनाबाद, धरवारा,धूरी, पडरभटा, भूला, कौड़यि,जुजावल व बहोरीबंद तहसील में कुआँ,केवलारी, कूडन, देवरी (खरगवाँ ),पथराड़ी पिपरिया, बरही (बाकल), बहोरीबंद, सिदुरसी, बाकल, सिहुँडी,मसंधा, हथियागढ़, बचैया,कूड़ा व इमलिया केंद्र है।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, तहसीलदार नेहा जैन सहित खरीदी केंद्र प्रभारियों की उपस्थिति रही।

---

**विद्यापति स्मृति समारोह में संगीत–साहित्य की रसधारा में डूबा शहर**

# समधुर गायन एवं भाव पूर्ण प्रस्तुतियों ने भक्ति एवं माधुर्य से किया ओत प्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




भोजपुरी साहित्य अकादमी तथा मप्र सांस्कृतिक परिषद, भोपाल के सौजन्य से शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में आयोजित दो दिवसीय विद्यापति स्मृति समारोह के दूसरे दिन का कार्यक्रम अत्यंत भावपूर्ण और आत्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में पटना से पधारे रजनीश झा द्वारा विद्यापति के पदों का सुमधुर गायन रहा। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभागार को भक्ति और माधुर्य से भर दिया। उनके साथ संगत करने वाले कलाकारों में राकेश ने तबलावादन, इमेज मिश्रा ने बांसुरी, नरेश ने कीबोर्ड और सह-गायन में विपिन विश्वकर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्य म से ताल–लय का ऐसा सुंदर समन्वय दिया कि विद्यापति के पद जीवंत हो उठे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि "विद्यापति स्मृति समारोह केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी ऐतिहासिक साहित्यिक परंपरा के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम है। नई पीढ़ी को इन काव्य-धाराओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है।"

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने कहा कि "विद्यापति स्मृति समारोह हमारे संस्थान की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में साहित्य, संगीत एवं लोककलाओं के प्रति संवेदना विकसित होती है। हम आगे भी इसी प्रकार पारंपरिक और आधुनिक कला-धाराओं के संरक्षण हेतु प्रयासरत रहेंगे।" कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय के छात्रों ने भी विद्यापति के पदों और भजन-गीतों का गायन कर समारोह में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों की सुरीली प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भावपूर्ण और सांस्कृतिक आभा से भर दिया।

कार्यक्रम में मंच संचालन एवं एंकरिंग की भूमिका का निर्वहन सादात भारती द्वारा किया गया। उनकी सधी हुई प्रस्तुति ने पूरे समारोह को सुगठित, आकर्षक और सतत प्रवाहमान बनाए रखा। समारोह का यह दूसरा दिन साहित्य, संगीत और भक्ति रस से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मप्र संस्कृति परिषद से श्री ओमप्रकाश मैथिल के कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम में डॉ. माधुरी गर्ग, प्रो. जी. एम. मुस्तफा, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. व्ही. के. द्विवेदी, समाजशास्त्र विभाग से आर. पी. मिश्रा, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. के. पी. मिश्रा, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष नाहिद सिद्दीकी, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष श्री पुनर्वसु भट्टाचार्य, एनएसएस जिला संगठक डॉ. आर. पी. सिंह, पुस्तकालय अधिकारी देवी प्रजापति, डॉ. उर्मिला दुबे, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ. सूचि सिंह, डॉ. विजय कुमार, डॉ. सुशील मिश्रा सहित अनेक कर्मचारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

---

# शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पर 15 बीएलओ का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने विधानसभा- 93 मुड़वारा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 एसआईआर कार्य की समीक्षा संयुक्त तहसील भवन में किया। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र अन्ततर्गत शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 15 बीएलओ से उनके कार्य पूर्ण करने की सफलता की कहानी और उनके अनुभव सुना तथा शत-प्रतिशत डिजीटाईजेशन करने पर 15 बीएलओ व सुपरवाइजर को सम्मानित किया।

इस दौरान मतदान केन्द्र भरवारा के बीएलओ गुलाब चन्द्रा पटले, पौंसरा की बीएलओ सोनम पांडे, कैलवाराखुर्द के बीएलओ राजेश कुमार गुप्ताा, मझगवां के बीएलओ रविलाल चौधरी, अमराडांड के बीएलओ ओमप्रकाश अग्रवाल, देवराखुर्द के बीएलओ अशोक चराढ़, सामुदायिक भवन जालपा देवी वार्ड 9 के बीएलओ तरन्नुम शाहीन, तखला के बीएलओ राममिलन प्रजापति, जरवाही के बीएलओ सूर्यकांत तिवारी, द्वारा के बीएलओ दमयंती डोहरिया, खरखरी के बीएलओ विपिन मिश्राव नवीन कुमार मिश्रा, घंघरीकला के बीएलओ जगैया कनौजिया, तिलक राष्ट्री य स्कूवल जालपा देवी वार्ड 8 के बीएलओ शमनीष दुबे और कूड़ो के बीएलओ राम मिलन भूमिया को फूलमाला, पुष्पएगुच्छ एवं स्मृेति चिन्हल प्रदाय किये गये।

इस दौरान विधानसभा क्षेत्र-93 मुड़वारा के ईआरओ प्रमोद चतुर्वेदी, एईआरओ एवं तहसीलदार आशीष अग्रवाल, अजीत तिवारी, अतुलेश सिंह की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का मुकुंदपुर जू भ्रमण सम्पन्न

**अमानगंज।** मुकुंदपुर में रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आज मुकुंदपुर जू में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने टाइगर सहित विभिन्न वन्य प्राणियों को नज़दीक से देखा और उनके संरक्षण के महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान जू कर्मियों एवं शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि वन्य जीव पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण आधार हैं तथा इनके संरक्षण से प्रकृति का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। टाइगर की प्रजाति, उसके व्यवहार और जंगल में उसकी भूमिका को बच्चों ने विशेष रुचि के साथ जाना। इसी के साथ छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता पर भी जागरूक किया गया। शिक्षकों ने समझाया कि बढ़ते प्रदूषण और घटते जंगलों के कारण प्रकृति असंतुलित हो रही है, ऐसे में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों में ज्ञानवर्धन के साथ ही प्रकृति एवं वन्य जीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करते हैं। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भ्रमण को बेहद रोचक एवं ज्ञानवर्धक बताया।

### उचित मूल्य दुकान गहदरा निलंबित

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना संजय कुमार नागवंशी द्वारा खाद्यान्न वितरण में लापरवाही एवं अनियमितताओं पर तत्काल प्रभाव से उचित मूल्य दुकान गहदरा को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण द्वारी क्रमांक 2 उचित मूल्य दुकान से किया जाएगा। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पन्ना एवं पवई द्वारा संयुक्त रूप से गत माह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जरधोबा द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान गहदरा की जांच की गई थी। इस दौरान पाया गया कि विक्रेता ब्रजेश कुमार तिवारी द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी सहित अन्य विभिन्न प्रकार की अनियमिताएं बरतीं गईं। निर्धारित दिवस एवं समय पर दुकान खोलकर हितग्राहियों को राशन का वितरण नहीं किया गया। 239 परिवारों को वर्तमान नवम्बर माह का खाद्यान्न भी वितरित नहीं किया गया है। विक्रेता का मोबाइल भी गत एक सप्ताह से बंद है। इस संबंध में जारी नोटिस का समिति प्रबंधक पृथ्वी सिंह बुंदेला और विक्रेता ने समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश की धाराओं के उल्लंघन तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत उक्त कृत्य दण्डनीय होने से दुकान के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

ढाई हजार मतदाताओं का डेटा कलेक्शन शेष

# हटा में एसआईआर का कार्य 99% पूर्ण

### जल्द ही कार्य पूर्णता के एसडीएम ने दिए बीएलओ को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। रविवार शाम 8 बजे तक हटा के लगभग 200 बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के गणना पत्रकों का सौ प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अब अन्य बीएलओ भी समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूर्ण करने की ओर उत्साहित हैं।

गत 04 नवंबर से शुरू हुआ एसआईआर का कार्य जहां शुरूआत से लेकर अंतिम चरण तक सभी बीएलओ व सहयोगियों द्वारा काम तीव्र गति से किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की सतत मॉनिटरिंग एवं हटा रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम राकेश मरकाम के निर्देशन में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं उनके सहायक के रूप में कार्य कर रहे सचिवों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, निकायों के अमले सहित अन्य की मेहनत की बदोलत 30 नवंबर तक हटा विधानसभा क्षेत्र में 99 % मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन पूर्ण हो चुका है शेष कार्य को पूर्ण करने के लिए एसडीएम ने सभी सुपरवाइजर एवं बीएलओ को निर्देशित किया है। गत दिवस हटा डाइट में एसडीएम राकेश मरकाम ने हटा क्षेत्र में कार्यरत समस्त बीएलओ के साथ बैठक की जिसमें मास्टर ट्रेनरों सुपरवाइजरों ने एसआईआर अंतर्गत हुए कार्यों की समीक्षा की। जिन गांव के भागों में कार्य प्रतिशत उच्च है, वहां के बीएलओ की एसडीएम ने सराहना की साथ ही संबंधित अधिकारियों को बीएलओ की सतत मॉनिटरिंग करने तथा शेष बचे कार्य में आ रही सभी बाधाओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

**अभी ढाई हजार मतदाता शेष-** रिटर्निंग अधिकारी राकेश मरकाम ने बताया कि हटा विधानसभा क्षेत्र के 303 भागों में कुल 2 लाख 25 हजार 517 मतदाता हैं जिसमें रविवार 30 नवंबर 2025 की 8 बजे तक एसआईआर का कार्य 99% पूर्ण हो चुका है एवं 2500 मतदाताओं का डाटा कलेक्शन शेष है। जिसके लिए चार दिसंबर 2025 अंतिम तिथि थी लेकिन आज निर्वाचन आयोग द्वारा 11 दिसंबर तक की तिथि बढ़ा दी गई है लेकिन हटा का कार्य पूर्णता संपन्न होने की मुकाम पर पहुंच गया है।एसडीएम ने बताया कि सघन निगरानी के लिए विधानसभा क्षेत्र में 303 बीएलओ एवं उनके साथ दो सहयोगी कर्मचारी कार्य कर रहे हैं जिसमें 33 सुपरवाइजर नियुक्त किये गये है, जो अपने अपने आवंटित क्षेत्र में बीएलओ को फील्ड में जाकर मार्गदर्शन कर प्रतिदिन की प्रगति का जायजा ले रहे है। इसके साथ ही संबंधित तहसीलदारों द्वारा भी फील्ड भ्रमण कर एसआईआर कार्य का जायजा लिया जा रहा है इसके अलावा मुख्य रूप से हटा से मास्टर ट्रेनर माधव पटेल दिनेश प्यासी दिन रात बीएलओ के कार्य में सहयोग व मार्गदर्शन कर रहे हैं जिससे हटा क्षेत्र मैं समय से पूर्व डिजिटाइजेशन का कार्य समाप्ति की ओर पहुंच सका जिसकी जिले में सराहना की जा रही है।

## श्रमदान कर बोरी बंधान किया



**पथरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बासाकलां व पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम के गुलाबवारी सेर रतुआ नाला में श्रमदान कर 80 बोरी का बंधान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ मंजू धर्मेन्द्र कटारे,सरपंच, सचिव, प्राचार्य, संस्था के अध्यक्ष, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की उपस्थिति में श्रमदान कर इस बोरी बंधान को सफल बनाया गया।

## नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



**दमोह।** बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन एवं युवा जन जागृति मंच के तत्वावधान में जिला मुख्यालय से 70 कि मी बनवार ग्राम मे नेत्र शिविर का दमोह के एन.के. नेत्र चिकित्सालय, दमोह के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक प्यासी एवं डॉ. बहादुर सिंह ठाकुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 75 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिनमें से 15 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। साथ ही, डॉ. बहादुर सिंह ठाकुर द्वारा लगभग 65 मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सजल श्रीपाल, जतिन शर्मा, डॉ. योगेश पटेल तथा कुलदीप पटेल का विशेष योगदान रहा। ग्राम बनवार में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर ने स्थानीय ग्रामीणों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं। संस्था का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। एन.के. नेत्र चिकित्सालय भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

## मन की बात के 128वें प्रसारण सभी बूथ केंद्रों पर सुना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें प्रसारण को लेकर भाजपा दीनदयाल मंडल द्वारा रविवार को सभी बूथ केंद्रों पर सुना गया।यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। मन की बात के इस प्रसारण में प्रधानमंत्री ने देश की नई उपलब्धियों, युवाओं के नवाचार, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण संदेश दिए।

जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे मन की बात में बताए गए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने कहा कि "मन की बात केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता से सीधा संवाद है, जो हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है।"

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# जुझार में सामुदायिक श्रमदान से किया बोरी बंधान



**बनवार।** मुख्यमंत्री मोहन यादव की जल संरक्षण संबंधी मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में संचालित जल संचय अभियान के तहत विकासखंड दमोह के सेक्टर अभाना स्थित ग्राम जुझार में रविवार को सामुदायिक सहभागिता के आधार पर बोरी बंधान निर्माण का श्रमदान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामवासियों एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुझार के संयुक्त प्रयासों से किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान कर वर्षा जल को संरक्षित करने हेतु बोरी बंधान तैयार किया। नगर मंडल मंत्री राहुल पाठक ने बताया कि बोरी बंधान जल संरक्षण की एक परंपरागत एवं सरल तकनीक है, जिसे बिना किसी आर्थिक लागत के बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामुदायिक प्रयास न केवल जल संचय को बढ़ावा देते हैं बल्कि ग्रामीणों में एकता और सहभागिता भी मजबूत करते हैं। समाजसेवी जितेंद्र राजपूत ने कहा कि बोरी बंधान से वर्षा जल के रुकाव में वृद्धि होगी, जिससे जलस्तर में सुधार, कृषि कार्यों में सुविधा तथा ग्रामीणों की दैनिक जल आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण गतिविधियों में निरंतर सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। ग्राम के वरिष्ठ सदस्य कड़ोरी सेन ने बताया कि ग्रामीणों की सहभागिता से निर्मित यह बंधान जल संकट के समाधान की दिशा में एक प्रभावी पहल है। सामुदायिक श्रमदान से तैयार यह संरचना आने वाले समय में गांव के जल स्त्रोतों को मजबूत करेगी। इस अवसर पर दयाराम पटेल, कड़ोरी सेन, सौरभ सिंह, नीतेश लोधी, नितिन राठौर, नीरज महोबिया, महेंद्र सेन, रेवाराम अठया, जानकी गोपी सेन सहित अनेक ग्रामीणों ने श्रमदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# देवेंद्रनगर- सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय-चार दशक से बदलाव की प्रतीक्षा में

**देवेंद्रनगर।**

नगर की सड़कों का चार-पाँच दशकों में दो बार निर्माण हुआ, पर दोनों ही बार सड़कें दो साल भी नहीं टिक सकीं। आज पूरा नगर धूल और गड्ढों की मार झेल रहा है। रोज़ दुर्घटनाएँ हो रही हैं, लोग दमादृखाँसी से परेशान हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन दोनों चुप हैं। करीब 10-12 दिन पहले व्यापार मंडल ने नगर परिषद, थाना और कलेक्टर को ज्ञापन देकर चेतावनी दी थी कि "नगर के अंदर सड़कों की मरम्मत तुरंत शुरू करें, वरना आंदोलन होगा।" फिर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाजार में दिनभर जाम रहता है। टैक्सी और बसें जहाँ-तहाँ रुक जाती हैं। ठेलेदृखोमचे अव्यवस्था बढ़ा रहे हैं। सलेहा रोड और सतनादृपन्ना रोड पूरी तरह जर्जर हालत में हैं। 40 साल की शिक्षा ठहराव- साइंस कॉलेज सिर्फ़ घोषणा देवेंद्रनगर में 40 वर्षों से सिर्फ़ कला संकाय की ही पढ़ाई उपलब्ध है। बीते दो दशकों से साइंस कॉलेज और नए विषय खोलने की घोषणा बार-बार होती है, लेकिन आज तक एक कक्षा भी शुरू नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने अमानगंज में कहा कि "अगले वर्ष साइंस कॉलेज शुरू होगा", लेकिन इसका आधार और प्रक्रिया दोनों अस्पष्ट हैं। जनता पुराने अनुभवों के कारण इस घोषणा पर भरोसा नहीं कर पा रही है।

### स्वास्थ्य- सामुदायिक केंद्र से आगे नहीं बढ़ा देवेंद्रनगर

आज तक नगर को एक भी स्थायी महिला चिकित्सक नहीं मिली। दुर्घटनाएँ बढ़ रही हैं, मरीजों को गंभीर स्थिति में पन्ना और वहाँ से आगे सतना, सागर, जबलपुर, भोपाल या नागपुर तक जाना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाने की मांग वर्षों से लंबित है।

### देवेंद्रनगर बाईपास 40 साल पुरानी मांग, पर नेतृत्व मौन

देवेंद्रनगर के लिए बाईपास की मांग लगभग 40 वर्षों से उठ रही है। भारी वाहनों का लगातार दबाव सड़कें तोड़ता है, दुर्घटनाएँ बढ़ाता है और नगर-भीतर ट्रैफिक जाम का मुख्य कारण भी यही है। लेकिन दुखद यह है कि आज तक कोई भी नेता इस मुद्दे पर खुलकर बोलने को तैयार नहीं हुआ। जनता दर्द समझती है, पर नेतृत्व को न तो दर्द दिखता है, न दिखाना चाहता है।

### न्याय- एसडीएम कोर्ट और ब्लॉक कार्यालय की मांग भी अटकी

देवेंद्रनगर में हाई-लेवल एसडीएम कोर्ट और ब्लॉक कार्यालय की मांग वर्षों से लंबित है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय जैसे मूल स्तंभ मज़बूत हुए बिना किसी भी नगर का विकास संभव नहीं। राजनीतिक चुप्पी और जनता के सवालों से दूर जनप्रतिनिधि स्थानीय जनप्रतिनिधि जनता के सवाल उठाने से डरते दिखते हैं। कई बार स्थानीय खजुराहो सांसद वी डी शर्मा जी से संपर्क करने की कोशिश की गईकृफोन, संदेश, माध्यमकृलेकिन उन्होंने कभी फोन नहीं उठाया। न ही वाट्सअप पर उनका कोई उत्तर आया सभा में बड़े भाषण मिलते हैं, पर देवेंद्रनगर की समस्याओं पर सार्वजनिक जवाबकृकभी नहीं मिलता। जनता अब केवल एक स्पष्ट बात सुनना चाहती है- "सड़कें, साइंस कॉलेज, सिविल अस्पताल, बाईपास और एसडीएम कोर्ट इनका समाधान कब और कैसे होगा?" चार दशक बीत चुके हैं अब वादे नहीं, जवाब चाहिए। इन पांच सवालों का जवाब माननीय सांसद को देना ही होगा।

### महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का अनावरण 6 को

**पन्ना।** पन्ना नगर के धरमसागर तालाब परिसर में बुन्देल केशरी महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आगामी 6 दिसम्बर को शाम 4 बजे निर्धारित किया गया है। नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विष्णु दत्त शर्मा, स्थानीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर मुंबई की प्लेबैक सिंगर इशिता विश्वकर्मा द्वारा विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### झरिएन मोहल्ला में चल रही भागवत कथा में

**अमानगंज।** झरिएन मोहल्ला क्षेत्र में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार की रात कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे पांडाल को फूलों, झालरों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

# भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय स्त्री शक्ति ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




देश में इस समय भारत के संविधान के 75 बर्ष पूर्ण होने पर विविध प्रकार के कार्यक्रम किये जा रहे हैं। आयोजनों के माध्यम से संविधान के संबध में आम जनमानस को जानकारियों को उपलब्ध कराने के लिये विषय विशेषज्ञ लगातार व्याख्यान दे रहे हैं। भारतीय स्त्री शक्ति के द्वारा दमोह में आज 30 नबम्बर रविवार को इसी बिषय को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में मातृशक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण कर मुख्यातिथि शोभा तिवारी ने किया। इस अवसर पर भारतीय स्त्री शक्ति की जिला संयोजक डा.श्रीमती हंसा वैष्णव ने आयोजन के प्रयोजन के संबध में जानकारी देते हुये बताया कि भारतीय स्त्री शक्ति एक ऐसा संगठन है जो महिलाओं के लिये महिलाओं के द्वारा संचालित एक स्वतंत्र संगठन है। पूरे देश में यह संगठन कार्य कर रहा है और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका का उद्देश्य एवं नारी की अंतःशक्ति गुण एवं क्षमताओं को पुनस्थापित करने के उद्देश्य को लेकर कार्य करता है। भारतीय स्त्री शक्ति महिलाओं के सक्षमीकरण के हेतु कार्य करनेवाला गैर राजनीतिक व स्वयंसेवी संगठन है। शासकीय व गैर शासकीय स्तर पर होने वाले प्रयासों के बाद हम देख रहे हैं कि, समाज एवं जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिला बडी संख्या में कार्यरत है। लेकिन दूसरी तरफ परिवार व समाज में स्त्री को आज भी हम दोयम स्थान पर पाते हैं। कार्यस्थल हो या घर, कई प्रकार की प्रताडना और अन्याय का सामना उसे करना पडता है । इसलिए स्त्री को केंद्रस्थान पर रखते हुए सभी जाति, पंथ, धर्म, आयु, शैक्षिक सामाजिक सांस्कृतिक स्तर की महिलाओं के सक्षमीकरण के लिए व उनकें हित की सुरक्षा करने हेतु भारतीय स्त्री शक्ति 1988 से कार्य कर रही है। मंचासीन अतिथियों की मानवंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमें भारतीय परंपराओं के अनुसार मानवंदना की गयी। उपस्थित महिलाओं ने करतल ध्वनि से सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्यातिथि श्रीमती शोभा तिवारी ने जहां भारतीय स्त्री शक्ति के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होने भारत के संविधान को लागू होने के 75 बर्ष पूर्ण होने पर अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान में वर्तमान समय में भी केवल 470 अनुच्छेद, तथा 12 अनुसूचियाँ हैं और ये 25 भागों में विभाजित है। परन्तु इसके निर्माण के समय मूल संविधान में 395 अनुच्छेद जो 22 भागों में विभाजित थे इसमें केवल 8 अनुसूचियाँ थीं। संविधान में सरकार के संसदीय स्वरूप की व्यवस्था की गई है जिसकी संरचना कुछ अपवादों के अतिरिक्त संघीय है। केन्द्रीय कार्यपालिका का सांविधानिक प्रमुख राष्ट्रपति है। भारत का संविधान स्त्री एवं पुरूष दोनो को समानता का अधिकार देता है। उन्होने कहा कि भारत के संविधान को बनाने में 2 बर्ष 11 माह एवं 18 दिन लगे थे। 26 नबम्बर 1949 को इसे अंगीकृत किया गया था एवं 26 जनवरी 1950 को इसको लागू किया गया। श्रीमती तिवारी ने सभी को संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर रचना चैबे,राधा अग्निहोत्री, गुणी राठौर, कुसुम, निर्मला, अरूणा,नीता ठाकुर, किरण, रितु सोनी, पद्मा सहित बडी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

### आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर उग्र प्रदर्शन, पुतला दहन

**पन्ना।** पन्ना में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के कथित विवादित और आपत्तिजनक बयान को लेकर ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश देखा गया। रविवार दोपहर को ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में सैकड़ों की संख्या में लोग पुरानी कचहरी चौराहे पर एकत्र हुए, जहां उन्होंने संतोष वर्मा का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने मध्य प्रदेश सरकार से तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए आईएएस संतोष वर्मा को निलंबित करने की मांग की। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश में बहन-बेटियों के सम्मान से जुड़े मामलों में अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति, विशेषकर एक जिम्मेदार अधिकारी, पर कड़ा कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।

## सिन्हाई गांव में महिला और युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, डबल मर्डर या आत्महत्या? पुलिस जांच में जुटी

**अजयगढ़।**

अजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिन्हाई में एक महिला और एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार दोनों की मौत कट्टे से फायर होने के कारण बताई जा रही है। घटना स्थल पर भारी भीड़ जुट गई है और पूरे गांव में सनसनी का माहौल है। मृतकों में महिला का नाम गीता यादव सामने आया है, वहीं गांव वालों के अनुसार छतरपुर निवासी लल्लू यादव पिता हरप्रसाद यादव छतरपुर बाईपास रोड का युवक ने अपने देषी कट्टे से वार करते हुए घटता को अंजाम दिया है। हत्या है या आत्महत्या, इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं और गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। सूत्रों के मुताबिक दोनों शव पास-पास पाए गए, जिससे दोहरे हत्याकांड या आत्महत्याकांड की आशंका जताई जा रही है। वहीं कुछ ग्रामीण इसे पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कुछ लोग घटना को किसी अन्य कारण से भी जोड़कर संभावनाएँ बता रहे हैं। हालांकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही अजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है। घटना से पूरे अजयगढ़ क्षेत्र में दहशत फैल गई है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि-"मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के बाद ही किया जा सकेगा। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच जारी है।"



**खबर संक्षेप**

## शरद कुमार मेहता को पीएचडी की उपाधि

**दमोह।** सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल के प्रथम दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉ. शरद कुमार मेहता को स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की परंपरागत शिक्षा और आनलाइन शिक्षा के माध्यम से उनकी शैक्षिक उपलब्धि, सृजनात्मकता और समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान करी। विश्वविद्यालय के भव्य आडिटोरियम में आयोजित गरिमामय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिवराज सिंह चौहान ने सभी पी.एच.डी. शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गीता जयंती महोत्सव पर 1100 विद्यार्थियों के द्वारा समवेत स्वर में गीत गायन

**दमोह।** विश्व गीता प्रतिष्ठानों जिला दमोह के अथक प्रयासों से गीता जयंती महोत्सव पर 1100 विद्यार्थियों के द्वारा समवेत स्वर में गीत गायन शहर के मध्य स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में 1 दिसंबर सोमवार को 10:30 बजे से आयोजित है जिसमें केंद्रीय कार्य समिति एवं महाकौशल प्रांतीय समिति से पंडित महेश प्रसाद पांडे पंडित सरवन कुमार उपाध्याय राजेश सोनी पंडित जागेश्वर तिवारी पंडित योगेश शुक्ला सहित सभी सदस्यों के प्रयासों से गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। विदेश के सभी संभागीय जिला तहसील मुख्यालय में जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित है सभी के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में आधार कार्ड कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### मुस्कान अभियान के तहत चौकी बांदकपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# मुस्कान अभियान के तहत किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित मुस्कान अभियान के तहत चौकी बांदकपुर पुलिस द्वारा स्थानीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पथरिया प्रिया सिंधी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

शिव शिक्षा सदन हाई स्कूल बम्होरी तथा शर्मा क्लासेस में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी हिंडोरिया धर्मेंद्र उपाध्याय एवं चौकी प्रभारी बांदकपुर राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस स्टाफ, महिला सुरक्षा शाखा की प्रधान आरक्षक मंजू टंडन, आरक्षक क्रांति और साइबर सेल से प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नाबालिग छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनसे बचाव के उपायों, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से बातचीत के खतरे, घर से भागने पर आने वाली समस्याओं, पाक्सो एक्ट के प्रावधानों तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फोटो व वीडियो किसी अनजान व्यक्ति के साथ सोशल मीडिया पर साझा न करने की विशेष सलाह दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने समस्या आने पर माता-पिता, शिक्षक या पुलिस से तुरंत संपर्क करने तथा महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की।

कार्यक्रम में शर्मा क्लासेस के शिक्षक प्रकाश नारायण शर्मा, सुमित सेन, आनंद दुबे, नीतेश दुबे और रामकुमार बर्मन, वहीं शिव शिक्षा सदन हाई स्कूल बम्होरी से संचालक शिवम दुबे, प्राचार्य धर्मेंद्र नामदेव और शिक्षक गोविंद शर्मा सहित स्टाफ मौजूद रहा। मध्यप्रदेश पुलिस का मुस्कान अभियान नाबालिग बालक-बालिकाओं में सुरक्षा, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में प्रभावी पहल साबित हो रहा है।

## छात्राओं को समझाईश देकर जागरूक किया



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुजीत भदौरिया के दिशा निर्देश पर दमोह जिले में नाबालिग बालिकाओं को मुस्काअन योजना के अन्ततर्गत उनके संवैधानिक अधिकारों उनके साथ घटित होने वाले अपराधो के बचाव हेतु तथा शासन के द्वारा उनके हित में चलाये जा रहे अभियानों के अंतर्गत पुलिस सहायता केन्द्र बजरिया थाना कोतवाली दमोह के क्षेत्र के अन्तशर्गत आने वाले शासकीय कन्याह अनुसूचित जाति छात्रावास चेनपुरा दमोह में निवासरत छात्राओ को समझाईश देकर जागरूक किया गया । उक्तर कार्यक्रम में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्री एच0आर0 पांडेय, थाना प्रभारी कोतवाली दमोह निरीक्षक श्री मनीष कुमार, वार्ड पार्षद श्रीमति कविता राय, वार्ड पार्षद श्री हेमराज जी, छात्रावास अधीक्षका श्रीमति रानू आर्या, चौकी प्रभारी बजरिया वार्ड सउनि राकेश पाठक के द्वारा मुस्कामन योजना के तहत उपरोक्तश छात्रावास की छात्राओ को उदबोधन दिया गया।

### एसआईआर का संशोधित कार्यक्रम किया जारी

# 14 फरवरी को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन, गणना पत्रक 11 दिसम्बर तक भरे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 30 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार मध्य प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने कहा हैं सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए नवीन दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए नवीन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उसे अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

## लखनऊ से लौटी छात्राओं का किया भव्य स्वागत



**मडियादो।** हटा ब्लॉक के मड़ियादो हाई स्कूल की छात्राओं का एक दल उत्तरप्रदेश के लखनऊ में आयोजित भारत स्काउट गाइड की डायमंड जुबली कार्यक्रम में शामिल होने गया था.. लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों और स्त्रो में शामिल होने के बाद आज छात्राओ के दल की मंडियों नगर वापिसी हुई छात्राओ के मड़यिादो पँहुचने पर बस स्टैंड पर सभी का स्वागत कर भव्य आगवानी की। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार,भाजपा मंडल अध्यक्ष बबली चौदह, अभिषेक जैन सहित कई लोगो ने पुष्पमालाओ से छात्राओ का स्वागत किया और ढोल नगाड़ों के साथ आगवानी कर शुभकामनाएं दी।

## जेपीएल नाइट टूर्नामेंट में पहुंचे मंत्री मलैया



**दमोह।** शहर के इतिहास में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर जेपीएल जैन प्रीमियर लीग रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय शिवनगर स्थित एस्ट्रो ट्रक मैदान पर किया जा रहा है। आठ आठ ओवर के क्रिकेट मैच वाली इस लीग में 16 टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में दमोह विधायक और पूर्व वित्त मंत्री श्री जयंत मलैया ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय दिया तथा आयोजन समिति की ओर से उनका स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करके वासा वॉरियर ने जीफसी टीम को तथा महावीर क्रिकेट क्लब ने जैन स्टॉर्म को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से अंकित जैन (अप्पू भैया खजरी), राहुल जैन (यूनियन बैंक ), प्रवीण जैन, राहुल गांगरा, नितिन मोदी (पारस मोबाइल) अर्पित जैन (जैन केमिकल), राहुल सिंघई (फर्टिलाइजर शॉप) शुभम जैन (सॉफ्टवेयर इंजीनियर) एवं दीपक कुमार जैन (शिक्षक) आदि ने पूर्व मंत्री श्री मलैया सहित अन्य अतिथियों दर्शकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# किसान यात्रा का शुभारंभ, दंड भरते हुए निकले युवा किसान



**जबेरा।** विधानसभा क्षेत्र जबेरा से अनाथ किसान यात्रा निकाली जा रही है जो कि इस शासन के द्वारा जो किसानों की अपेक्षा की जा रही है किसने को उनकी उपज का उचित दाम न मिलने पर उठी आक्रोश के कारण खर्रा घाट शिव धाम से₹अनाथ किसान यात्रा₹का शुभारंभ हुआ जिसमें सैकड़ो किसान सड़कों पर उमड़े यह सभी किसान युवा किसान चंद्रभान लोधी के नेतृत्व में दंडवत करते हुए पैदल यात्रा का यह दृश्य हर किसी को आंदोलित करता है। यह यात्रा किसने की पांच बड़ी और लंबे समय से चली आ रही लंबित मांगों के समर्थन में निकल गई जिसमें शासन को अपनी घोषणा अनुसार धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल, एवं मक्का का समर्थन मूल्य₹2500 प्रति क्विंटल, की मांग के साथ मंडियों के चुनाव कराने के साथ किसानों को दिन में बिजली देने एवं खाद का वितरण सरकारी उचित मूल्य की दुकान से करने जैसी बुनियादी मांगे सम्मिलित हैं। उक्त अनाथ किसान यात्रा निकल रही युवा कवि चंद्रभान लोधी ने कहा कि सरकार की नीतियों ने किसान को खेत में मेहनत करने वाला अनाथ मजदूर बना दिया है किसानों को उनकी उपज का उचित दाम, हमारी मेहनत का सम्मान सब कुछ हमसे छीन लिया है इसीलिए इसे अनाथ किसान यात्रा का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज किसान खुद को अनाथ महसूस कर रहा है। एडवोकेट नरेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार मक्का को समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदनी है तो किसान न्यायालय की शरण में जायेगे। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट तक जाने में पीछे नहीं हटेंगे ऐसी हम प्रशासन को चेतावनी दे रहे है। पहले दिन यात्रा का पड़ाव अर्थ कीड़ा रहा यह यात्रा 2 दिसंबर को दमोह पहुंचेगी जहां हजारों की संख्या में किसान इकट्ठा होकर के कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपेंगे। आज की इस यात्रा में इमलिया, कांकर, सलैया, टोरी इत्यादि गांवों में जनसभा के माध्यम से किसानों के सामने बात रखी गई इस यात्रा में प्रमुख रूप से कवि चंद्रभान सिंह लोधी, नरेंद्र प्रताप सिंह, राजा अरविंद सिंह ,निलेश सिंह ,पूरन सिंह ,रवि सिंह ,अमर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सहित सैकड़ो किसानों ने इस यात्रा में सम्मिलित होकर की अपनी उपस्थित दर्ज कराई।

# आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कोर्स का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

वर्तमान भाग दौड़ भरी जीवन शैली में स्वास्थ्य, सक्रियता और खुशहाली भरे जीवन में योग और अध्यात्म बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग पूरे विश्व में योग और अध्यात्म के माध्यम से अलख जगा रही है। संस्था की हटा इकाई के प्रशिक्षक आशुतोष सुहाने ने बालाजी कंस्ट्रक्शन हटा के हॉल में आयोजित 6 दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि इस आपाधापी से भरे जीवन को सकारात्मक व तनाव मुक्त रखने के लिए हमारे अस्तित्व के सभी स्तरों को जैसे शरीर, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, श्वास और आत्म बोध पर साधना, सेवा, सत्संग, प्राणायाम, योग, ध्यान और ज्ञान की कुंजियों के माध्यम से जीवन जीने की कला को सिखाया गया।

योग और अध्यात्म का सामंजस्य हमारे जीवन में उतना ही आवश्यक है जितना हमारे अस्तित्व को भोजन। योग हमको स्वस्थ बने रहने में मदद करता है, तो अध्यात्म जीवन में सृजनात्मकता के साथ साथ सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करता है। इस शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अंतिम दिन कोर्स से प्राप्त अपने अपने अनुभव साझा किए, जिसमे सभी प्रतिभागियों का अनुभव उनके प्रसन्न चित्त चेहरों से स्वतः ही प्रदर्शित हो रहा था। जिला पंचायत दमोह के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पटेल बड्डा द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग कोर्स के लिए निःशुल्क हाल उपलब्ध कराया गया साथ ही उन्होंने बताया कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रमो के आयोजन हमारे जीवन को सहजता और प्रसन्नता से जीने की कला सिखाते है योग और अध्यात्म के संगम सुदर्शन क्रिया हमें तनाव मुक्त व स्वस्थ्य रखने में बहुत ही कारगर है। नम्रता राजपूत, मधुकांत उपाध्याय ने बताया कि हम अपने जीवन के छोटी छोटी समस्याओं और काल्पनिक योजनाओं से भयभीत हो जाते हैं और तनावग्रस्त हो जाते हैं यह कोर्स निश्चित ही हमें अपने वास्तविक स्वरूप जो केवल प्रेम है से साक्षात्कार कराता है जिसे सुदर्शन क्रिया से जाना और सुदर्शन क्रिया अकारण भय,चिंता से मुक्त करने में बहुत ही सहायक है। हम सबको योग और अध्यात्म की दिशा में आगे आना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर को बनाए रख सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में हटा आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ स्वयं सेवक राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल, गौरव सिंघई, अभिषेक सुहाने , अनिल पटेल, शरद अठ्या, अंशिका सुहाने और शाश्वत सुहाने, आदि की सराहनीय सेवा सहभागिता रही।

# मन की बात का लाइव प्रसारण देखा

**मडियादो।** देश के प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित मन की बात का लाइव प्रसारण मडियादो में भाजपा कार्यकरिणी द्वारा पंचायत परिसर में एकत्रिक्त होकर देखा गया। लाइव प्रसारण के बाद मडियादो मंडल के प्रभारी संयोजक लक्ष्मण तिवारी द्वारा मन की बात में बताए गए सभी कार्यों का अनुकरण की बात कही गई। इसके अलावा सभी सदस्यों से शुद्ध मतदाता सूची के लिए चल रहे कार्य में सहयोग करने की अपील की गई।मौके पर उपस्थित बीएलओ परम राजपाली से सर्वे ओर मतदाता सूची के संबंध चर्चा की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चौदह द्वारा दल की नीति ओर आगामी योजनाओं से अवगत कराया गया। कहा गया कि कोई भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए और ऐसा कोई जुड़ना भी नहीं चाहिए जो वैधानिक न हो। सदस्यों द्वारा एक दूसरे से अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी सांझा की गई। इस दौरान नवीन सोनी, अंशुल छिरोलिया, बसंत अग्रवाल, सुरेश पटेल, कैलाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नोनेलाल अहिरवार, अशोक अहिरवार , बड़ा राजपाली , ललित यादव,अंकित अग्रवाल, दीपक यादव , मुकेश अहिरवार, शनि सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# भंडारे का हुआ आयोजन



**दमोह।** संत गुलाब बाबा भक्त मंडल चरण पादुका रथ यात्रा से एक दिन पहले रविवार को रामबाग धाम परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ। सुबह 10.32 बजे पूजन-अर्चन के बाद प्रारंभ हुए भंडारा प्रसाद वितरण में लगभग 10 हजार की संख्या में भक्तों के पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों के अनुसार भंडारा केवल भोजन का नहीं, बल्कि सेवा धर्म का प्रतीक है। गुलाब बाबा के अनुयायियों का कहना है कि भक्ति और सेवा दोनों मिलकर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भंडारे के साथ भक्ति भजन का कार्यक्रम भी चला 3:32 पर आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा संत गुलाब बाबा के भजन धार्मिक भजनों में भक्त झूम उठे। नरसिंहगढ़ भक्त मंडल संत गुलाब बाबा ने सभी का हृदय से धन्यवाद दिया की बाबा जी के भंडारे में आप सभी पधारे। इसी प्रकार हर वर्ष भक्ति भाव से आते रहे। शांतिपूर्ण कार्यक्रम चलता रहा। श्री राम बाग धाम हनुमान जी के आशीर्वाद से श्री संत गुलाब बाबा के आशीर्वाद से भंडारे में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं पड़ी।

# तीन दिवसीय जननायक कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

### गौंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित प्रस्तुतियों का किया जा रहा मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



बस स्टैंड प्रांगण में गौड़ सभ्यता के महानायकों पर मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा जननायक कार्यक्रम मंचन किया जा रहा है जहां रविवार की शाम कार्यक्रम की शुरुआत विधायक उमादेवी खटीक जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल की उपस्तिथि में दीप प्रज्वलित कर की गई।कार्यक्रम के पहले दिन गौंडवाना साम्राज्य के राजा पेमलशाह जी पर नाट्य मंचन किया गया,जिसमे लोक कलाकारों द्वारा राजा पेमलशाह के जीवनकाल,राज्य वैभव,विवाह,राज्य में आपदा के समय की स्थिति, प्रजा के प्रति अवधारणा, राज्य शासन की नीति, आदि से सम्बंधित प्रदर्शन किया गया। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इन आख्यानों की यह खूबसूरती है कि इनमें जहां जातीय शौर्य के उदाहरण हैं वही तंत्र-मंत्र और संबंधों की रक्षा के लिए अपने जीवन का उत्सर्ग भी है। यह सिर्फ कहानियां भर नहीं है। ऐसे सभी जातीय आख्यान गोण्ड समुदाय की सांस्कृतिक समझ और उसके पौराणिक चरित से हमें परिचित कराते हैं। जननायक समारोह का यह स्वरूप तीन नृत्य-नाटक प्रस्तुतियों से बुना गया है, जिनमें दो प्रस्तुतियां आख्यान परक है एवं एक प्रस्तुति ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है। इन प्रस्तुतियों को इस तरह से परिकल्पित करने के पीछे गोंड जनजातीय की सांस्कृतिक, शौर्य परक, आध्यात्मिक निरंतर को भी इन प्रस्तुतियों में बताना लक्षित किया गया है। इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय समारोह जननायक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में तहसीलदार आलोक जैन नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे एवं नगर के जनप्रतिनिधियों के साथ नगर वासियों की उपस्थित रही।